# 75 करोड़ रुपये प्रति किमी का बनेगा कॉरिडोर

- दूसरा सबसे मंहगा जबलपुर-भोपाल ग्रीन फील्ड हाईवे होगा
- सवा तीन घंटे में ही जबलपुर पहुंचा जा सकेगा

**15 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा**

**2 घंटे के भीतर पहुंचा जा सकेगा भोपाल से इंदौर**

**100 किमी प्रति घंटे होगी वाहनों की औसत गति**

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 3 सितंबर. प्रदेश की राजधानी भोपाल को आर्थिक राजधानी इंदौर से जोड़ने के लिये प्रस्तावित इंदौर-भोपाल ग्रीन फील्ड कॉरिडोर मप्र की सबसे महंगी सड़क होगी.**

इस प्रोजेक्ट की जो प्रारंभिक डीपीआर तैयार की गई है, उस हिसाब से इस प्रोजेक्ट की लागत 12 हजार करोड़ रुपये होगी. इस प्रोजेक्ट के तहत सड़क बनाने पर प्रति किमी 75 करोड़ रुपये खर्च होंगे. इस लिहाज से ये प्रदेश की सबसे महंगी सड़क होगी. इस कॉरिडोर की कुल लंबाई महज 160 किमी होगी, जो कि मौजूदा इंदौर-भोपाल फोर लेन से 15 से 20 किमी कम है. इस कॉरिडोर में वाहनों की रफ्तार 100 किमी रहेगी. यानी भोपाल से इंदौर महज दो घंटे के भीतर पहुंचा जा सकेगा, इससे समय और इंधन दोनों की ही बचत होगी.

ये प्रोजेक्ट प्रति किमी लागत के हिसाब से प्रदेश का सबसे महंगा प्रोजेक्ट होगा. लागत के मामले में जबलपुर-भोपाल ग्रीन फील्ड हाईवे दूसरे क्रम पर प्रदेश के भीतर बनने वाले हाईवे की लागत के मामले में जबलपुर-भोपाल ग्रीन फील्ड हाईवे दूसरे क्रम पर है. वैसे तो 255 किमी लंबे इस प्रोजेक्ट की लागत 15 हजार करोड़ रुपये है, जो कि प्रदेश के सबसे बड़े प्रोजेक्ट में शुमार है, उसके बाद भी प्रति किमी सड़क बनाने के खर्च के मामले में ये हाईवे भोपाल-इंदौर कॉरिडोर से पीछे है और दूसरे क्रम पर है.

इस प्रोजेक्ट के तहत बनने वाले हाईवे की लागत प्रति किमी 58 करोड़ 82 लाख रुपये है जो कि भोपाल-इंदौर प्रोजेक्ट से प्रति किमी 16 करोड़ 18 लाख रुपये कम है. इस प्रोजेक्ट को भी इस तरह डिजाइन किया जा रहा है, जिस पर 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से वाहन चल सकेंगे. इससे महज 3 से सवा तीन घंटे में ही जबलपुर पहुंचा जा सकेगा. अभी साढ़े चार घंटे से अधिक का समय लगता है.

**लखनादौन-रायपुर कॉरिडोर प्रति किमी 45 .45 करोड़ का**

लखनादौन-रायपुर फोर लेन हाईस्पीड कॉरिडोर 220 किमी लंबी होगी, जो कि मप्र को छत्तीसगढ़ से जोड़ेगी. इस प्रोजेक्ट पर प्रारंभिक डीपीआर के हिसाब से 10 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे, जो कि कुल राशि खर्च के मामले में ये तीसरा सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा, वहीं प्रति किमी कॉरिडोर निर्माण पर खर्च होने वाली राशि के मामले में भी तीसरे क्रम पर है. इस प्रोजेक्ट के तहत प्रति किमी 45 .45 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जो कि इंदौर-भोपाल प्रोजेक्ट से प्रति किमी 29 .55 करोड़ रुपये और भोपाल-जबलपुर कॉरिडोर से 13 .37 करोड़ रुपये कम है. प्रदेश के ये तीनों बड़े प्रोजेक्ट की कुल लागत 37 हजार करोड़ रुपये होगी.


Chirayu University

[Established by an Act of Govt. of M.P. and Approved under Section 2(f) of UGC Act]

**APPOINTMENTS**

Applications are invited for the position of **VICE CHANCELLOR**. Eligibility criteria is as per the standard/UGC Norms. Please mention "Application for Post of Vice Chancellor" in the Email-subject and also on the top of your Application/CV.

**Submit your Application with the Curriculum Vitae and Photograph to the "Office of the Vice Chancellor" Chirayu University or Email to: hr@chirayuuniversity.ac.in latest by 13.9.2025.**

**Chirayu University** Near Bairagarh, Bhopal, M.P. 462030 India
www.chirayuuniversity.ac.in

Aquarius


## उज्जैन में डिजिटल अरेस्ट कर 5 लाख की ठगी

**उज्जैन.** बिरलाग्राम थाना पुलिस ने साइबर ठगी का बड़ा खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने खुद को क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर बताकर महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 5.09 लाख रुपए ठग लिए थे. मामला 12 से 14 अगस्त के बीच का है, जब 50 वर्षीय सरोज माली को आरोपियों ने घर में मछली और कछुआ पालने पर एफआईआर व जेल में डालने की धमकी दी.

### एक नजर में

**हत्या के 5 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा**

**उज्जैन.** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिला न्यायालय ने हत्या के एक मामले में पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और जुर्माना लगाया है. जिले के विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) अरविंद प्रताप सिंह चौहान ने आरोपी आकाश खिंची (30), सागर खिंची (24), आशीष (27), विशाल (23) और अशोक (48) को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और जुर्माना लगाया है. मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि ढोर पकड़वाने के आपसी विवाद को लेकर 28 मई 2021 को इन पांचों आरोपियों ने गोविंद पर धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था. उसे पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में इंदौर रेफर किया गया.

**सीएम ने पिताजी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की**

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने पूज्य पिताजी श्रद्धेय पूनम चंद यादव की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नमन करते हुए कहा कि वे साहस, शक्ति और संबल की प्रतिमूर्ति थे. स्व. पिताजी के आदर्श, संस्कार, जीवन-मूल्य और सेवा-भाव ही उनके जीवन की अमूल्य निधि हैं. उनका स्नेह, आशीर्वाद और स्मृतियां सदैव प्रेरणा बनकर जनसेवा के लिए शक्ति प्रदान करती रहेंगी.



## चूहों के आतंक से नवजात की मौत, कांग्रेस ने सरकार को घेरा

**इंदौर, 03 सितंबर. मध्यप्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल, इंदौर के महाराजा यशवंतराव में कथित तौर पर चूहों के कुतरने से एक नवजात की मृत्यु और एक अन्य के गंभीर हालत में होने के मामले के तूल पकड़ने के बाद अब अस्पताल प्रबंधन ने दो नर्सों को निलंबित कर अस्पताल में पेस्ट कंट्रोल करने वाली कंपनी पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की है.**

इसी बीच कांग्रेस ने पूरे प्रकरण में सरकार को सवालों के घेरे में लेकर एमवाय अस्पताल में अराजकता का आरोप लगाया है. एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ अरविंद घनघोरिया ने इस संबंध में संवाददाताओं को बताया कि घटना वाली रात जो दो नर्स उपस्थित थीं, उन्हें निलंबित किया गया है. आईसीयू की प्रभारी नर्सिंग अधिकारी में से दो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.

उन्होंने बताया कि एमवाय अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक को भी हटाया गया है. पेस्ट कंट्रोल का काम करने वाली कंपनी पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है. मामले के संबंध में एक उच्चस्तरीय कमेटी बनाई गई है, जिसमें पांच चिकित्सक हैं, वे सात दिन में अपनी रिपोर्ट देंगे. इसी बीच इस मामले को लेकर राजनीति भी शुरु हो गई है.

**सरकार सिर्फ छोटे लोगों पर ही कार्रवाई करेगी : जीतू**


प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इसे लेकर सरकार को घेर लिया है. पटवारी ने आज संवाददाताओं से कहा कि नवजात बच्चे को चूहों ने नहीं, बल्कि भ्रष्टाचारी प्रशासन ने क्षति पहुंचाई है. सरकार इस मामले में क्या अधीक्षक को सजा दे सकती है, नहीं दे सकती. सरकार सिर्फ छोटे लोगों पर ही कार्रवाई करेगी. उन्होंने सवाल किया कि एमवाय में इतनी अराजकता क्यों है और स्वास्थ्य मंत्री इस मामले में क्या कर रहे हैं. ये पूरा मामला कुछ दिन पुराना बताया जा रहा है, जो दो दिन पहले सामने आया. दावा किया जा रहा है कि एनआईसीयू में चूहों के कुतरने से नवजात की मौत हुई. एक अन्य नवजात को भी चूहे ने कुतरा, जिसका उपचार चल रहा है.

## कांग्रेस में जिला कार्यकारिणी गठन की तैयारी तेज

**भोपाल.** मध्यप्रदेश कांग्रेस ने जिला कार्यकारिणी गठन की तैयारियां तेज कर दी हैं. सितंबर में जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा की जानी है. जंबो कार्यकारिणी से बचने के लिए पीसीसी तय करेगी कि प्रत्येक जिले में कितने सदस्य शामिल किए जाएं. कार्यकारिणी में जातीय समीकरणों का विशेष ध्यान रखा जाएगा और जिस जिले में जिस जाति का प्रभाव अधिक होगा, उसे प्राथमिकता मिलेगी. इस संबंध में कांग्रेस नेताओं की जूम बैठक में ब्लू प्रिंट तैयार किया गया. उल्लेखनीय है कि 17 अगस्त को एमपी कांग्रेस ने जिला अध्यक्षों की सूची जारी की थी, जिस पर असंतोष अब भी बना हुआ है.

# दो शिक्षकों को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

## आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दिल्ली में करेंगी सम्मानित



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 सितंबर. प्रदेश के 2 शिक्षकों को वर्ष 2025 का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया जायेगा.**

राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने वाले शिक्षकों में दमोह जिले की प्राथमिक शिक्षक शीला पटेल शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया में पदस्थ हैं. आगर-मालवा जिले के भेरूलाल ओसारा माध्यमिक शिक्षक शासकीय ईपीईएस माध्यमिक शाला खेरिया सुसनेर में पदस्थ हैं. प्रदेश के समस्त 55 जिलों में से 45 जिलों में 145 शिक्षकों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 के लिये अपना पंजीयन कराया गया था. इसके बाद राज्य स्तरीय चयन समिति ने 6 शिक्षकों की अनुशंसा केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को भेजी थी.

**प्राथमिक शिक्षक भेरूलाल ओसारा**

प्राथमिक शिक्षक भेरूलाल ओसारा ने अपनी पदस्थ शाला में विषय-वस्तु की गहन समझ के साथ शिक्षण कार्य किया और बच्चों में नैतिकता और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित किया. विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के लिये ईको क्लब और क्लैप क्लब के संयोजन से ठोस कार्य किया. बच्चों को स्वच्छता, जल संरक्षण, पौधरोपण, प्लास्टिक उन्मूलन और हरित जीवन-शैली के बारे में नवाचार करते हुए शिक्षा दी. शिक्षक भेरूलाल ने बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करने के लिये नुक्कड़ नाटक, रैलियों, पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता के साथ लेखन की वर्कशॉप भी निरंतर आयोजित की.



## पश्चिम मध्य रेलवे : यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की प्राथमिकता

**भोपाल, 03 सितम्बर. पश्चिम मध्य रेलवे यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर प्रयासरत है.**

रेल सुरक्षा बल चौबीसों घंटे सक्रिय रहकर न केवल रेल संपत्ति एवं माल की सुरक्षा कर रहा है, बल्कि यात्रियों को भी हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है. महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में अलग-अलग अभियान चलाए जा रहे हैं.

## स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को 20% टैरिफ छूट

**भोपाल.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए दिन के टैरिफ पर 20 प्रतिशत छूट देने की पहल की है. अगस्त 2025 में कुल 2 लाख 41 हजार 592 उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिला, जिससे 3.30 करोड़ रुपये की बचत हुई. स्मार्ट मीटरिंग के माध्यम से उपभोक्ता न केवल अपनी ऊर्जा खपत को ट्रैक कर सकते हैं, बल्कि जरूरत के अनुसार उसे नियंत्रित भी कर सकते हैं. स्मार्ट मीटर का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिलिंग में त्रुटि की संभावना खत्म हो जाती है.

## करोड़ों की ठगी का खुलासा, फर्जी अफसर बनकर देते रहे नौकरी का झांसा

**इंदौर.** क्राइम ब्रांच ने राजधानी और इंदौर को जोड़ने वाले एक बड़े ठगी रैकेट का भंडाफोड़ किया है. राजेंद्र नगर में रहने वाले एक डॉक्टर की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई. गिरोह के सरगना राकेश सुमन और उसके साथियों ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 1.72 करोड़ रुपए हड़प लिए. पुलिस ने लंबे समय से चल रही जांच के बाद आखिरकार एफआईआर दर्ज कर ली.


नवभारत

**"Nava Bharat"** a leading newspaper of Chhattisgarh & Odisha, offers an organizational culture of openness, innovation and excellence. Achievement of targets and results are key to success in the Organization. We requires following personnel based at Raipur.

**BUSINESS MANAGER**

The candidate must have a specialization in Marketing Management having pleasing personality with a Master's Degree, preferably with MBA along with 8-10 Years of experience in media / service industry, out of which at least 3 years should be in news paper industry in a Managerial capacity.

**BUSINESS EXECUTIVE**

The candidate must have a specialization in Marketing Management having pleasing personality, preferably with a MBA along with 3-5 Years experience in media / service industry. He should be able to perform in highly competitive environment.

Candidates whose experience match the above requirement, should apply, giving their details CV along with passport size latest photograph via email :

hr@navabharat.org


# मप्र से फिलहाल कहीं नहीं जाएंगे चीते

## सरकार का अभी दूसरे राज्यों को नहीं देने का निर्णय



**भोपाल, श्योपुर, 03 सितंबर. दक्षिण अफ्रीका से मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले स्थित कूनो नेशनल पार्क में लाए गए चीतों को मध्यप्रदेश सरकार फिलहाल किसी और राज्य को नहीं सौंपने जा रही है.**

ऐसे में ये चीते अभी मध्यप्रदेश में ही अपना कुनबा बढ़ाएंगे.

वन विभाग के अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि फिलहाल चीतों की शिफ्टिंग नहीं होगी. उच्च स्तर पर हुई बातचीत के बाद यह तय हो सका है.

दरअसल प्रशासन ने तय किया है कि जब तक कूनो में चीतों का कुनबा नहीं बढ़ता, तब तक दूसरे राज्यों के साथ उनकी आवाजाही नहीं की जाएगी. सूत्रों के अनुसार यह प्रक्रिया फिलहाल रोक दी गई है. चीतों की राजस्थान के साथ आवाजाही को लेकर मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार के बीच एक सहमति पत्र हुआ था, जिसमें चीतों के लिए दोनों राज्यों के बीच एक कॉरिडोर बनाने की बात कही गई थी. इसके तहत चीतों को राजस्थान के मुकंदरा रिजर्व के क्षेत्र में भेजने की बात थी.

# नाबालिग रेप मामले में गिरफ्तारी शुरू

**10 लोगों पर पास्को एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया**

**पन्ना, जिले में बाल कल्यांण समिति द्वारा एक नाबालिग बालिका को आरोपी के यहां ही भेज देने पर पुनः उसके साथ आरोपी ने बलात्कार की घटना को अजाम दिया था जिस पर पन्ना पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर केश डायरी छतरपुर जिले के जुझार नगर थाने में भेज दी थी.**

जांच उपरांत बाल कल्यांण समिति के अध्यक्ष तथा सदस्यों सहित 10 लोगों पर पास्को एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था जिसमें अब गिरफ्तारी भी शुरू हो गयी है आज बाल कल्यांण समिति के सदस्य आशीष बोश को छतरपुर जिला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा अन्य सदस्यों के यहां भी दविश दी है लेकिन सभी फरार होने के कारण उनकी गिरफ्तारी नही हो सकी है वहीं महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश सिंह को भी पुलिस द्वारा नोटिस दिया गया है. ज्ञात हो कि आरोपी नाबालिग बलात्कार पीडिता लड़की को जनवरी 2025 मे ले गया था जो 17 फरवरी 2025 को गुरूग्राम मे पुलिस द्वारा दस्तयाब किया गया था और आरोपी को जेल भेज दिया गया था. बाद मे 29 मार्च को बाल कल्याण समिति को आरोपी की भाभी के साथ आरोपी के घर भेज दिया. जहां जमानत मे छूटने के बाद आरोपी ने बलात्कार की घटना को अंजाम दिया था. इन पर हुआ है मामला दर्ज- जिन लोगों पर पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज हुआ है.

**सरकार सख्त** | सीएम ने समीक्षा बैठक में दिखाये तीखे तेवर, किसानों पर लाठीचार्ज को गैरजरूरी बताया

# किसानों को खाद देने में फेल कलेक्टर हटाए जाएंगे

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 सितंबर. जिलों में किसानों को खाद उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी पूरी तरह कलेक्टरों की है. ऐसे जिले जहां ठीक से खाद का वितरण नहीं हो रहा है, उसकी रिपोर्ट आ रही है. ऐसे जिलों के कलेक्टरों को हटाया जाएगा. खाद वितरण में जिले में किसी भी तरह की अव्यवस्था होती है तो उसके लिये कलेक्टर ही पूरी तरह जिम्मेदार होंगे.**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को ये चेतावनी आला मैदानी अमले को दी. मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में प्रदेश में खाद वितरण की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे, उन्होंने अलग- अलग जिलों से खाद के वितरण में मिल रही शिकायतों को लेकर तीखे तेवर दिखाये और कलेक्टरों को कड़ी फटकार लगाई. उन्होंने पिछले दिनों रीवा में खाद को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर लाठीचार्ज को गैरजरुरी करार दिया. इस पर कलेक्टर ने सफाई भी दी. मुख्यमंत्री ने कहा कि रिपोर्ट है कि कुछ कलेक्टर जिला नहीं चला पा रहे, उन्हें हटाना पड़ेगा. इससे अब संभावना जताई जा रही है कि बड़ी संख्या में कलेक्टरों को बदला जा सकता है. ये इसलिये कि राज्य सरकार दावा कर रही है कि प्रदेश में खाद की कमी नहीं है, वहीं दूसरी तरफ किसान खाद के लिये परेशान हो रहे हैं और कहीं-कहीं तो प्रदर्शन की भी नौबत आ रही है. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में उर्वरक वितरण के संबंध में जिला प्रशासन आवश्यक व्यवस्था बनाए.

**जहां फसलों को नुकसान, वहां राहत की कार्यवाही शुरू करें**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जिन-जिन क्षेत्रों में भी अतिवृष्टि और बाढ़ से फसलों को क्षति हुई है, वहां राहत के लिए तत्काल कार्यवाही आरंभ की जाए. साथ ही जनहानि और पशु हानि की स्थिति में 24 घंटे में राहत उपलबध कराई जाए. बाढ़ के दौरान अस्थाई कैम्प व्यवस्था, राशन वितरण, भोजन वितरण आदि की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सामग्री सभी संभावित स्थानों पर उपलब्ध हो. आगामी दिनों में भी भारी वर्षा की संभावना है.






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14